भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न सं. 28*

02 दिसंबर, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

यूनानी चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देना

*28. श्री नीरज डांगी:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में वर्तमान में यूनानी चिकित्सा के लिए कितने शैक्षणिक संस्थान कार्यरत हैं और क्या सरकार इसके नए संस्थान स्थापित करने पर विचार कर रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में यूनानी चिकित्सा पद्धति की पहुंच अभी भी सीमित है, यदि हां, तो इसे और अधिक सुलभ बनाने के लिए क्या योजना है; और

(ग) यूनानी चिकित्सा पद्धति में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (ग): विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

राज्य सभा में 02 दिसंबर, 2025 को पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 28* के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क): आज तक, देश में कुल 57 यूनानी शिक्षण संस्थान कार्यरत हैं। इन शैक्षणिक संस्थानों की राज्य-वार सूची **संलग्नक-I** में दी गई है। वर्तमान में, देश में नये यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना के संबंध में मंत्रालय में कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(ख): जन-स्वास्थ्य राज्य का विषय है, इसलिए ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में यूनानी चिकित्सा पद्धति सहित आयुष तक पहुंच की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है। हालांकि, आयुष मंत्रालय राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के माध्यम से केंद्रीय प्रायोजित योजना राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) का कार्यान्वयन कर रहा है और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में यूनानी सहित आयुष इकाईयों की सह-स्थापना, नए यूनानी औषधालयों की स्थापना, यूनानी औषधालयों/अस्पतालों के उन्नयन और यूनानी स्वास्थ्य सुविधाओं को दवा की आपूर्ति के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करते हुए उनके प्रयासों का समर्थन कर रहा है, ताकि ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों सहित देश के अलग-अलग हिस्सों में यूनानी चिकित्सा पद्धति के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान की जा सकें। तदनुसार, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारें एनएएम दिशा-निर्देशो के प्रावधान के अनुसार राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से उपयुक्त प्रस्ताव प्रस्तुत करके वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकती हैं।

इसके अलावा, आयुष मंत्रालय ने यूनानी चिकित्सा पद्धति में शिक्षा और अनुसंधान के लिए केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद (सीसीआरयूएम), नई दिल्ली और राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान (एनआईयूएम), बेंगलुरु भी स्थापित किए हैं, जिनमें नई दवाओं का विकास और वैज्ञानिक आधार पर नैदानिक परीक्षण करना शामिल है। गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में 200 बिस्तर वाले अस्पताल की क्षमता वाला राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान का एक अनुषंगी संस्थान स्थापित किया गया है। देश भर में सीसीआरयूएम के तहत कुल 24 संस्थान/केंद्र/इकाईयां भी कार्य कर रही हैं। राज्य-वार जानकारी **संलग्नक-II** में दी गई है।

(ग): यूनानी चिकित्सा पद्धति में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा उठाए जा रहें कदमों की जानकारी निम्नलिखित है:

i. आयुष मंत्रालय एक केंद्रीय क्षेत्रीय योजना नामत: आयुर्ज्ञान योजना का कार्यान्वयन करता है, जिसका उद्देश्य बाह्यवर्ती अनुसंधान गतिविधियों और शिक्षा के माध्यम से यूनानी सहित आयुष में अनुसंधान और नवाचार का समर्थन करना है, जिसमें शैक्षणिक गतिविधियां, प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण इत्यादि शामिल हैं। इस योजना के तीन भाग हैं: (i) आयुष में क्षमता निर्माण और सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) (ii) आयुष में अनुसंधान तथा नवाचार और (iii) आयुर्वेद जैव-एकीकृत स्वास्थ्य अनुसंधान (एबीआईएचआर)।

ii. आयुष मंत्रालय अपने घटक अर्थात उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) के माध्यम से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर यूनानी सहित आयुष के प्रचार के लिए आवश्यक शिक्षा प्रौद्योगिकी, अनुसंधान और नवाचार तथा अन्य क्षेत्रों में आयुष पेशेवरों की क्षमताओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिष्ठित संस्थानों के कार्यों और सुविधाओं दोनों की स्थापना और उन्नयन के लिए रचनात्मक और अभिनव प्रस्तावों का समर्थन करने के उद्देश्य से केंद्रीय क्षेत्रीय योजना अर्थात् आर्युस्वास्थ्य योजना का कार्यान्वयन करता है।

iii. आयुष मंत्रालय आयुष में सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय क्षेत्र की योजना का भी कार्यान्वयन करता है, ताकि यूनानी चिकित्सा पद्धति सहित आयुष के संबंध

में जागरूकता फैलाई जा सके। इस योजना का उद्देश्य देश भर में आबादी के सभी वर्गों तक पहुंचना है। यह राष्ट्रीय/राज्य आरोग्य मेले, योग फेस्ट/उत्सव, आयुर्वेद पर्व इत्यादि के आयोजन के लिए सहायता प्रदान करता है। मंत्रालय यूनानी सहित आयुष पद्धति के संबंध में जागरूकता फैलाने के लिए मल्टी-मीडिया, प्रिंट मीडिया अभियान भी चलाता है।

iv. आयुष मंत्रालय ने आयुष चिकित्सा पद्धति को विश्व भर में बढ़ावा देने और पहचान दिलाने हेतु आयुष में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना नामक एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना विकसित की है। इस योजना के तहत, मंत्रालय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आयुष अनुसंधान, उत्पाद और सेवाएं, अकादमिक इत्यादि को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न हितधारकों को सहायता प्रदान करता है।

v. आयुष मंत्रालय ने जामनगर, गुजरात में एक वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा केंद्र स्थापित करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का समर्थन किया है। इसका कार्यनीतिक उद्देश्य साक्ष्य और शिक्षा, डेटा और विश्लेषण, निरंतरता और इक्विटी, तथा नवाचार और प्रोद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित करना है ताकि वैश्विक स्वास्थ्य और सतत विकास में पारंपरिक चिकित्सा के योगदान को इष्टतम बनाया जा सके। दूसरा डब्ल्यूएचओ वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा सम्मेलन 17 से 19 दिसंबर 2025 तक नई दिल्ली, भारत में होगा। यह सम्मेलन "विज्ञान और स्वास्थ्य और आरोग्य का अभ्यास: संतुलन स्थापित करना" विषय पर केंद्रित होगा और जैवविविधता संरक्षण, बौद्धिक संपदा अधिकार तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता की बदलाव लाने की क्षमता जैसे आवश्यक मुद्दों का समाधान करेगा।

vi. इसके अलावा, यूनानी चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने के लिए, सीसीआरयूएम देश के विभिन्न भागों में अनुसंधान कार्यों से जुड़ा है। इन कार्यों में पूर्व-नैदानिक और नैदानिक अनुसंधान, औषधि मानकीकरण अनुसंधान, मौलिक अनुसंधान, साहित्यिक अनुसंधान, सर्वेक्षण और औषधीय पौधों की खेती शामिल है। अनुसंधान गतिविधियों का विवरण निम्नलिखित हैं:

- चल रही नैदानिक मान्यता परियोजनाएं: 76
- चल रही रैंडमाइज़्ड नियंत्रित परीक्षण (आरसीटी): 17
- अंतर्वर्ती अनुसंधान (आईएमआर) योजना के तहत चल रही परियोजनाएं: 14
- भारतीय पेटेंट कार्यालय (आईपीओ) द्वारा दिए गए पेटेंट: 19
- प्रकाशित किए गए शोध पत्र: 3250

vii. सीसीआरयूएम ने 11 और 12 फरवरी, 2025 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली, भारत में यूनानी दिवस 2025 और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया, जिसका विषय था "एकीकृत स्वास्थ्य समाधान के लिए यूनानी चिकित्सा में नवाचार- आगे की राह"।

मुख्य गतिविधियों में निम्नलिखित जारी किए गए:

- 08 सीसीआरयूएम प्रकाशन
- 01 टीज़र और 03 वीडियो का शुभारंभ
- यूनानी आहार का शुभारंभ - तलबीना कुकीज़, तलबीना फ्लेक्स, तलबीना इंस्टेंट दलिया और फोर्टिफाइड बार्ली वाटर
- सीसीआरयूएम द्वारा विकसित पेटेंट प्रोद्योगिकी का उद्योगो को अंतरण
- सीसीआरयूएम परिधीय संस्थानों को एनएबीएच और एनएबीएल मान्यता प्रमाण पत्रों का प्रस्तुतीकरण
- सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान करना
- जाने-माने हकीमों का यूनानी चिकित्सा में महत्वपूर्ण योगदान

- सर्वश्रेष्ठ कार्यनिष्पादन संस्थान।
- सम्मेलन का मुख्य आकर्षण - विदेशी प्रतिनिधियों के साथ पैनल चर्चा, 04 कीनोट व्यक्तव्य और प्रख्यात संगठनों और संस्थानों के रिसोर्स व्यक्तियों के साथ 09 वैज्ञानिक सत्रों का आयोजन था।
- वैज्ञानिक प्रदर्शनी, जिसमें यूनानी और हर्बल औषधि क्षेत्र में नवाचार प्रदर्शित किए गए।

viii. इनके अलावा, केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद (सीसीआरयूएम) के सहयोग से एनसीआईएसएम स्नातक-पूर्व छात्रों के लिए अनुसंधान कौशल को बढ़ावा देने के लिए यूनानी अनुसंधान छात्रवृत्ति कार्यक्रम (एसपीयूआर) भी संचालित कर रहा है। इसमें दो महीने के लिए हर महीने 25000 रूपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है।

*****

संलग्नक-I

02.12.2025 के राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 28 के उत्तर में उल्लिखित संलग्नक-I
दिनांक 26.11.2025 तक मूल्यांकन वर्ष 2025-26 के लिए यूनानी महाविद्यालयों की सूची

क्रम सं.	महाविद्यालय आईडी	राज्य	महाविद्यालय का नाम	सरकारी सहायता प्राप्त /निजी/ डीम्ड
1	यूएनआई 0276	आंध्र प्रदेश	डॉ. अब्दुल हक यूनानी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, 40/23, पार्क रोड कुरनूल-518001, आंध्र प्रदेश	सरकारी सहायता प्राप्त
2	यूएनआई 0279	बिहार	सल्फिया यूनानी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, मो.-दुमदुमा, पोस्ट ऑफिस लहेरियासराय, जिला-दरभंगा-846001, बिहार	निजी
3	यूएनआई 0280	बिहार	निज़ामिया यूनानी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, डुमरी, पोस्ट ऑफिस रसलपुर, वाया-बुनियादगंज, जिला गया, बिहार-823003	निजी
4	यूएनआई 0437	बिहार	सूफिया यूनानी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, अहमद नगर, इमादपट्टी, बड़ा चकिया, मोतिहारी, चंपारण-845412, बिहार	निजी
5	यूएनआई 0277	बिहार	गवर्नमेंट तिब्बिया कॉलेज और हॉस्पिटल, बुद्ध मूर्ति, कदम कुआँ, पटना-800003, बिहार	सरकारी
6	यूएनआई 0278	बिहार	ज़ुल्फ़िकार हैदर यूनानी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, नवलपुर, पीबी नंबर 12, सिवान-841226, बिहार	निजी
7	यूएनआई 0284	जम्मू और कश्मीर	यूनानी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, एशियाई चिकित्सा विज्ञान संस्थान, हबक क्रॉसिंग ज़कूरा, बीएआरसी के पास, श्रीनगर, सुंबल शिलवत-190006, जम्मू और कश्मीर	निजी
8	यूएनआई 0285	जम्मू और कश्मीर	कश्मीर तिब्बिया कॉलेज अस्पताल और अनुसंधान केंद्र, तलीमाबाद शिलवाथ सोनावारी तहसील सुंबल, जिला बांदीपोरा-193501, जम्मू और कश्मीर	निजी

9	यूएनआई 0617	जम्मू और कश्मीर	गवर्नमेंट यूनानी मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल, शालटेंग, नवबाग गंदेरबल, श्रीनगर-193501, जम्मू और कश्मीर	सरकारी
10	यूएनआई 0589	जम्मू और कश्मीर	क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आरआरआईयूएम), नसीम बाग परिसर, कश्मीर विश्वविद्यालय, श्रीनगर-190006, जम्मू और कश्मीर	सरकारी
11	यूएनआई 0287	कर्नाटक	लुकमान यूनानी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, 12, नौबाग, बीजापुर-586101, विजयपुरा, कर्नाटक	निजी
12	यूएनआई 0288	कर्नाटक	टीपू सुल्तान शहीद एजुकेशन ट्रस्ट, यूनानी मेडिकल कॉलेज, मिल्लत नगर, कलबुर्गी (गुलबर्गा), रिंग रोड, गुलबर्गा-585104, कर्नाटक	निजी
13	यूएनआई 0463	कर्नाटक	इनामदार यूनानी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, चाचा लेआउट महिंद्रा शोरूम के पीछे, सेदम रोड, गुलबर्गा, कलबुर्गी-585105, कर्नाटक	निजी
14	यूएनआई 0289	कर्नाटक	एचएमएस यूनानी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, सदाशिव नगर, द्वितीय चरण, रिंग रोड, पोस्ट ऑफिस मारलुर, तुमकुर-572105, कर्नाटक	निजी
15	यूएनआई 0286	कर्नाटक	गवर्नमेंट यूनानी मेडिकल कॉलेज, डॉ. सिद्धैया पुराणिक रोड, बसवेश्वर नगर, बेंगलुरु-560079, कर्नाटक	सरकारी
16	यूएनआई 0290	कर्नाटक	राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, कोट्टिगे पालया, मगदी मेन रोड, बेंगलुरु-560091, कर्नाटक	राष्ट्रीय संस्थान (सरकारी)
17	यूएनआई 0358	केरल	मरकज़ यूनानी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, पुथुप्पडी, पोस्ट ऑफिस कोझलकोड - 673586, केरल	निजी
18	यूएनआई 0294	मध्य प्रदेश	हकीम अब्दुल हमीद यूनानी मेडिकल कॉलेज, 3, ईदगाह रोड, देवास-455001, मध्य प्रदेश	निजी

19	यूएनआई 0293	मध्य प्रदेश	हकीम सैयद ज़ियाउल हसन, गवर्नमेंट यूनानी मेडिकल कॉलेज, साइंस हिल्स, मैनिट के पीछे, आयुष परिसर, भोपाल-462003, मध्य प्रदेश	सरकारी
20	यूएनआई 0292	मध्य प्रदेश	अल-फारूक यूनानी तिब्बिया कॉलेज, बाय पास रोड अरेंडिया इंदौर-452016, मध्य प्रदेश	निजी
21	यूएनआई 0291	मध्य प्रदेश	सैफिया हमीदिया यूनानी तिब्बिया कॉलेज और अस्पताल, गणपति नाका के पास, खंडवा रोड, बुरहानपुर-450331, मध्य प्रदेश	निजी
22	यूएनआई 0299	महाराष्ट्र	इकरा एजुकेशन सोसाइटी, यूनानी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, जी. नंबर 25/2, इकरा नगर, मोहदी शिवर, शिरसोली रोड, पोस्ट बॉक्स नंबर 40, जलगांव 425135, महाराष्ट्र	निजी
23	यूएनआई 0296	महाराष्ट्र	मोहम्मदिया तिब्बिया कॉलेज और असायर हॉस्पिटल, पीबी नंबर 128, मंसूरा, मालेगांव, जिला नासिक 423203, महाराष्ट्र	सरकारी सहायता प्राप्त
24	यूएनआई 0298	महाराष्ट्र	अहमद ग़रीब यूनानी मेडिकल कॉलेज, मोल्गी रोड, जामिया कैंपस, अक्कलकुवा, जिला नंदुरबार-425415, महाराष्ट्र	निजी
25	यूएनआई 0561	महाराष्ट्र	अल-अमीन यूनानी मेडिकल कॉलेज, सायने खुर्द, गेट नंबर 92/1, धुले रोड, मालेगांव-423203, जिला नासिक, महाराष्ट्र	निजी
26	यूएनआई 0297	महाराष्ट्र	झेडवीएम यूनानी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, केबी हिदायतुल्ला रोड, न्यू मोदीखाना आज़म कैंपस, 2390, शंकर शेठ रोड, पुणे, महाराष्ट्र	सरकारी सहायता प्राप्त
27	यूएनआई 0315	महाराष्ट्र	यूनुस फ़ज़लानी यूनानी मेडिकल कॉलेज और अल फ़ज़लानी यूनानी अस्पताल, कुंजखेड़ा, कुंजखेड़ा पोस्ट वडाली औरंगाबाद-431103, महाराष्ट्र	निजी

28	यूएनआई 0295	महाराष्ट्र	अंजुमन-ए-इस्लाम के डॉ. इशाक जामखानवाला तिब्बिया यूनानी मेडिकल कॉलेज और हाजी अब्दुल रजाक कलसेकर, तिब्बिया अस्पताल, 60, यारी रोड, वर्सोवा, अंधेरी (पश्चिम) मुंबई 400061, महाराष्ट्र	सरकारी सहायता प्राप्त
29	यूएनआई 0283	नई दिल्ली	यूनानी चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान स्कूल, जामिया हमदर्द (डीम्ड यूनिवर्सिटी), महरौली-बदरपुर रोड, बत्रा अस्पताल के पास, ब्लॉक डी, हमदर्द नगर-110062, नई दिल्ली	डीम्ड
30	यूएनआई 0282	नई दिल्ली	आयुर्वेद और यूनानी तिब्बिया कॉलेज, अजमल खान रोड, करोल बाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, नई दिल्ली-110005	सरकारी
31	यूएनआई 0426	पंजाब	रहबर आयुर्वेदिक और यूनानी टिब्बी मेडिकल कॉलेज, संगरूर रोड, पटियाला, पंजाब	निजी
32	यूएनआई 0425	राजस्थान	गवर्नमेंट यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ यूनानी, Viii- यूसुफपुरा, चराई, टोंक, राजस्थान	सरकारी
33	यूएनआई 0300	राजस्थान	राजपुताना यूनानी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, खोनागोरियन, जगत पुरा रोड, जामा मस्जिद के पास, जयपुर-302031	निजी
34	यूएनआई 0301	राजस्थान	राजस्थान यूनानी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, द्रविड़ नगर, जगदंबा कॉलोनी के सामने, पालड़ी मीणा, आगरा रोड, जयपुर-302031, राजस्थान	निजी
35	यूएनआई 0302	तमिलनाडु	गवर्नमेंट यूनानी मेडिकल कॉलेज, अरिग्नार अन्ना गवर्नमेंट हॉस्पिटल ऑफ़ इंडियन मेडिसिन कैंपस, अरुंबक्कम, चेन्नई - 600106, तमिलनाडु	सरकारी
36	यूएनआई 0275	तेलंगाना	गवर्नमेंट निज़ामिया तिब्बिया कॉलेज, चारमीनार, हैदराबाद-500002, तेलंगाना	सरकारी
37	यूएनआई 0588	तेलंगाना	सेंट्रल रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर यूनानी मेडिसिन (सीआरआईयूएम), (नेशनल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ यूनानी मेडिसिन फॉर स्किन डिसऑर्डर्स), ईएसआई मेट्रो स्टेशन के सामने, एजी कॉलोनी रोड, एर्रागड्डा के पास, हैदराबाद, तेलंगाना-500038	सरकारी

38	यूएनआई 0312	उत्तर प्रदेश	डॉ. अब्दुल अली तिब्बिया कॉलेज और अस्पताल, अहमदाबाद कटौली, मलिहाबाद, लखनऊ-226102, उत्तर प्रदेश	निजी
39	यूएनआई 0311	उत्तर प्रदेश	एराम यूनानी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, कुर्सी रोड, गुडम्बा पुलिस स्टेशन के पास, लखनऊ-226026, उत्तर प्रदेश	निजी
40	यूएनआई 0307	उत्तर प्रदेश	देवबंद यूनानी मेडिकल कॉलेज, हॉस्पिटल रिसर्च सेंटर, देवबंद, नया बांस, तेलहारी चुंगी के पास, जिला सहारनपुर-247554 उत्तर प्रदेश	निजी
41	यूएनआई 0305	उत्तर प्रदेश	जामिया तिब्बिया देवबंद, जीटी रोड, देवबंद, जिला सहारनपुर-247554, उत्तर प्रदेश	निजी
42	यूएनआई 0304	उत्तर प्रदेश	स्टेट यूनानी मेडिकल कॉलेज और हकीम अहमद हुसैन रिपब्लिक डे मेमोरियल हॉस्पिटल, ओल्ड जीटी रोड, एसबी एटीएम के पास, खुल्दाबाद, हिम्मतगंज, प्रयागराज-211001, उत्तर प्रदेश	सरकारी
43	यूएनआई 0303	उत्तर प्रदेश	स्टेट तकमील-उत-तिब कॉलेज और हॉस्पिटल, हकीम अब्दुल अज़ीज़ रोड, झावई टोला चौपटिया, लखनऊ- 226002 उत्तर प्रदेश	सरकारी
44	यूएनआई 0306	उत्तर प्रदेश	इब्ने-सिना तिब्बिया कॉलेज और अस्पताल, बीनापारा, वाया सराय मीर, आजमगढ़-276305 उत्तर प्रदेश	निजी
45	यूएनआई 0313	उत्तर प्रदेश	अजमल खान तिब्बिया कॉलेज, तस्वीर महल के पास, सिविल लाइंस, अलीगढ़-202002 उत्तर प्रदेश	केंद्र सरकार
46	यूएनआई 0308	उत्तर प्रदेश	अल्लामा इकबाल यूनानी मेडिकल कॉलेज और एसीएन अस्पताल, रुड़की रोड, सत्संग भवन के पास, देवबंद, मुजफ्फरनगर - 251002, उत्तर प्रदेश	निजी
47	यूएनआई 0309	उत्तर प्रदेश	अलीगढ़ यूनानी मेडिकल कॉलेज और एसीएन अस्पताल, एयूएएमसी कैंपस, कासिमपुर रोड, अलीगढ़-202002 उत्तर प्रदेश	निजी

48	यूएनआई 0316	उत्तर प्रदेश	हकीम रईस यूनानी मेडिकल कॉलेज, मखदूमपुर, मुरादाबाद रोड, संभल, मुरादाबाद-244301, उत्तर प्रदेश	निजी
49	यूएनआई 0427	उत्तर प्रदेश	ग्लोकल यूनानी मेडिकल कॉलेज, अली अकबरपुर मिजार्पुर पोल, सहारनपुर-247122, उत्तर प्रदेश	निजी
50	यूएनआई 0515	उत्तर प्रदेश	हयात यूनानी मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर, हयात कॉम्प्लेक्स, हरदोई रोड, सिकरोरी, काकोरी, लखनऊ- 226101, उत्तर प्रदेश	निजी
51	यूएनआई 0310	उत्तर प्रदेश	शाम-ए-गौसिया माइनॉरिटी यूनानी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, सहेरी, वाया-नंदगंज, गाज़ीपुर-233001, उत्तर प्रदेश	निजी
52	यूएनआई 0338	उत्तर प्रदेश	गौसिया यूनानी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, कंशमीरीपुर, पोस्ट-देवमई, फतेहपुर-212657, उत्तर प्रदेश	निजी
53	यूएनआई 0464	उत्तर प्रदेश	संस्कृति यूनानी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, 28 के.एम. स्टोन, मथुरा-दिल्ली हाईवे, छाता ग्रामीण, उत्तर प्रदेश- 281401	निजी
54	यूएनआई 0831	उत्तर प्रदेश	नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ यूनानी मेडिसिन, हापुड़ रोड, कमल नेहरू नगर, सीबीआई अकादमी के पास, गाजियाबाद-201002, उत्तर प्रदेश	राष्ट्रीय संस्थान (सरकारी)
55	यूएनआई 0357	उत्तराखंड	उत्तरांचल यूनानी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, मुस्तफाबाद पदार्थ, लक्सर रोड, हरिद्वार- 249405, उत्तराखंड	निजी
56	यूएनआई 0314	पश्चिम बंगाल	कलकत्ता यूनानी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, 8/1, अब्दुल हलीम लेन, कोलकाता-700016 पश्चिम बंगाल	निजी
57	यूएनआई 0897	महाराष्ट्र	डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम यूनानी मेडिकल कॉलेज, एसएनडी कैंपस, बाभुलगांव, तहसील येओला, जिला. नासिक-423401, महाराष्ट्र	निजी

02.12.2025 के राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 28 के उत्तर में उल्लिखित संलग्नक-II

संलग्नक- II

सीसीआरयूएम के तहत राज्य-वार संस्थान / इकाइयाँ

क्रम सं.	**संस्थान का नाम और पता**
	आंध्र प्रदेश
1.	**नैदानिक अनुसंधान इकाई** डॉ. अब्दुल हक यूनानी मेडिकल कॉलेज, 40/23, पार्क रोड, कुरनूल-518 001 (आंध्र प्रदेश)।
	असम
2.	**क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आरआरआईयूएम)** वेटनरी बाजार, घुंगूर, सिलीचर-788014, कछार (असम)
	बिहार
3.	**क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान** , गुजरी, पटना सिटी, पटना- 800 008 (बिहार **)**
	दिल्ली
4.	**क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान** , डी-11/1, अबुल फ़ज़ल एन्क्लेव, जामिया नगर, ओखला, नई दिल्ली - 110025.
	(आरआरआईयूएम, नई दिल्ली का विस्तार केंद्र) यूनानी मेडिकल सेंटर, डॉ. आरएमएल अस्पताल, नई दिल्ली - 110 001
	(आरआर आईयूएम, नई दिल्ली का विस्तार केंद्र) यूनानी विशेषता केंद्र डॉ. दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल, नई दिल्ली - 110064
	(आरआरआईयूएम, नई दिल्ली का विस्तार केंद्र) यूनानी मेडिकल सेंटर, सफदरजंग अस्पताल नई दिल्ली - 110 029
	एकीकृत आयुष क्लिनिक अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान सरिता विहार नई दिल्ली-110076
5.	**हकीम अजमल खान यूनानी चिकित्सा साहित्यिक और ऐतिहासिक अनुसंधान संस्थान** डॉ. एम.ए. अंसारी हेल्थ सेंटर, जामिया मिलिया इस्लामिया, ओखला, नई दिल्ली - 25
6.	**आयुष वेलनेस सेंटर,** राष्ट्रपति एस्टेट, नई दिल्ली 110004
7.	**औषधि मानकीकरण अनुसंधान इकाई** 61-65 इंस्टीट्यूशनल एरिया, डी ब्लॉक के सामने, जनकपुरी, नई दिल्ली
	जम्मू और कश्मीर (यूटी)

8.	**क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान,** कश्मीर विश्वविद्यालय परिसर, हजरत बल, श्रीनगर - 190 006 (जम्मू और कश्मीर)
	केरल
9.	**नैदानिक अनुसंधान इकाई (यूनानी),** कुरुपाटिल नीना मेमोरियल, पंचायत कार्यालय के पास, डाकघर एडाथला (एन) - 683 564 अलवेये, केरल
	यूनानी विस्तार अनुसंधान केंद्र (क्लिनिकल रिसर्च यूनिट, एडाथला) पट्टियम ग्राम पंचायत, कन्नूर, केरल
	कर्नाटक
10.	**नैदानिक अनुसंधान इकाई (यूनानी),** राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान, कोट्टिगेपालिया, मगदी मेन रोड, बेंगलुरु - 560 091 (कर्नाटक)
	मध्य प्रदेश
11.	**नैदानिक अनुसंधान इकाई (यूनानी)** फार्माकोलॉजी विभाग गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल - 462 001 (मध्य प्रदेश)
12.	**नैदानिक अनुसंधान इकाई (यूनानी)** एसएच यूनानी तिब्बिया कॉलेज गणपति नाका, बुरहानपुर - 450 331 (एमपी)
	महाराष्ट्र
13.	**क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान** प्लॉट नं.38/39, सेक्टर-18, खारघर, नवी मुंबई (महाराष्ट्र)-410210
	आरआरआईयूएम का विस्तार केंद्र, मुंबई जे.जे. अस्पताल परिसर, (आई बैंक के पीछे), बायकुला, मुंबई - 400 008 (महाराष्ट्र)
	गोवा
14.	**नैदानिक अनुसंधान इकाई** , ओल्ड जीएमसी बिल्डिंग, रिबंदर, गोवा - 403006
	मणिपुर
15.	**नैदानिक अनुसंधान इकाई,** लैम्फेल रोड, लैम्फेलपैट, इम्फाल, मणिपुर 795004
	ओडिशा
16.	**क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान**

	चांदबली बाईपास रोड, ग्रामीण पुलिस स्टेशन के पास, भद्रक - 756 100 (ओडिशा)
	तमिलनाडु
17.	**क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान,** 1, वेस्ट मेडा चर्च स्ट्रीट रॉयपुरम, चेन्नई - 600 013 (तमिलनाडु)
	तेलंगाना
18.	**राष्ट्रीय त्वचा विकार यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान** (पूर्ववर्ती केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान) ईएसआई अस्पताल के सामने एजी कॉलोनी रोड, एर्रागड्डा, हैदराबाद - 500 838
	उत्तर प्रदेश
19.	**केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान,** पोस्ट और गांव, बसहा कुर्सी रोड, लखनऊ - 226 026 (उत्तर प्रदेश)
20.	**क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान,** शाहजहाँ मंज़िल अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय अलीगढ़ - 202 001 (उत्तर प्रदेश)
21.	**औषधि मानकीकरण अनुसंधान संस्थान** पीएलआईएम, बिल्डिंग, 'एम' ब्लॉक के सामने, सेक्टर-23 कमला नेहरू नगर, गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश)
22.	**क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र (आरआरसी)** इलाहाबाद - 211 016 (उत्तर प्रदेश)
23.	**नैदानिक अनुसंधान इकाई (यूनानी)** छावनी सामान्य अस्पताल (सोतीगंज) बेगम ब्रिज, मेरठ (उत्तर प्रदेश)
	पश्चिम बंगाल
24.	**क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान,** प्रथम तल, 250ए/29, जीटी रोड (उत्तर) जायसवाल अस्पताल के पास, लिलुआ हावड़ा - 711201